अचारपुरा तालाब में अवैध खनन पर एनजीटी सख्त

- दोबारा निरीक्षण के निर्देश
- संयुक्त समिति की रिपोर्ट में विसंगतियां मिलने पर कलेक्टर से पुराने राजस्व अभिलेख मांगे
- 4 जनवरी को अगली सुनवाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल के ग्राम मनीखेड़ी कोट स्थित अचारपुरा तालाब में कथित अवैध खनन और मेड़ क्षतिग्रस्त होने के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ ने संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए दोबारा निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 4 जनवरी 2027 को होगी। अधिकरण के समक्ष 20 नवंबर को प्रस्तुत निरीक्षण रिपोर्ट में समिति ने बताया था कि मौके पर सक्रिय खुदाई या खनन गतिविधि नहीं मिली। तालाब की मेड़ में भी कोई नया टूटना नहीं पाया गया। हालांकि, स्थानीय लोगों ने पूर्व में मेड़ क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने रिपोर्ट में विरोधाभास पर ध्यान दिया। रिपोर्ट में एक ओर मेड़ टूटने की वर्तमान स्थिति नहीं मिलने का उल्लेख था, वहीं दूसरी ओर मेड़ क्षतिग्रस्त होने से जल ठहराव, पानी के रिसाव और भूजल पुनर्भरण पर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई थी।अधिकरण ने तालाब के मूल क्षेत्रफल और राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट उल्लेख नहीं होने पर भी चिंता जताई। कलेक्टर भोपाल को जवाब के साथ पुराने राजस्व अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में संभागीय वन अधिकारी भोपाल को अतिरिक्त प्रतिवादी बनाया गया है। अधिकरण ने संयुक्त समिति को तालाब की वास्तविक स्थिति का पुनः निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

भोपाल मास्टर प्लान-2047 में...

ग्रीन बिल्डिंग के लिए नियम बनाने की मांग

- क्रेडाई ने अतिरिक्त एफएआर देने का सुझाव रखा
- टीडीआर और भूमि उपयोग नीति में बदलाव की भी मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल मास्टर प्लान-2047 के प्रारूप पर गुरुवार को हुई सुनवाई में क्रेडाई भोपाल ने कई सुझाव और आपत्तियां दर्ज कराईं। बिल्डर्स की संस्था ने ग्रीन बिल्डिंग को प्रोत्साहित करने के लिए नियम बनाने, डेवलपर्स को सरकारी विभागों की तरह सुविधाएं देने और भूमि उपयोग, टीडीआर नीति व टाउन प्लानिंग स्कीम में बदलाव की मांग की।

क्रेडाई पदाधिकारियों ने कहा कि मास्टर प्लान में ग्रीन बिल्डिंग के लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं हैं। ग्रीन बिल्डिंग निर्माण में सौर पैनल, चार्जिंग स्टेशन और वर्षा जल संचयन जैसी सुविधाओं पर अतिरिक्त खर्च होता है। ऐसे निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए अतिरिक्त एफएआर देने का सुझाव दिया गया। संस्था ने सिल्वर रेटिंग पर 10 प्रतिशत, गोल्ड रेटिंग पर 12 प्रतिशत और आवासीय ग्रीन प्रोजेक्ट पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त एफएआर देने की मांग रखी।

क्रेडाई ने गुजरात की तर्ज पर टाउन प्लानिंग स्कीम में भूमि वापसी के अनुपात की समीक्षा करने का सुझाव भी दिया। मध्यप्रदेश में भूमि वापसी का अनुपात 50 प्रतिशत है, जबकि गुजरात में 60 प्रतिशत तक पुनर्गठित भूखंड वापस देने का मॉडल अपनाया गया है। इसके अलावा टीडीआर नीति में सुधार, आरजी-1, 2 और 3 क्षेत्रों में एक हेक्टेयर भूमि की बाध्यता समाप्त करने तथा प्रस्तावित पश्चिमी रिंग रोड को पुनः शामिल करने की मांग की गई। क्रेडाई ने सरकारी विभागों को एफएआर में मिलने वाली छूट का लाभ निजी डेवलपर्स को भी देने का सुझाव रखा।

छात्रावासों को आवासीय श्रेणी में रखने की मांग



भोपाल विकास योजना 2047 के प्रारूप पर हॉस्टल संचालकों ने आपत्तियां और सुझाव दर्ज कराते हुए छात्र-छात्राओं के हितों के संरक्षण की मांग की। हुजूर तहसील में आयोजित जनसुनवाई में भोपाल हॉस्टल ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम चंद्र ने कहा कि छात्रावास आवासीय प्रकृति के हैं। इनमें मार्ग की चौड़ाई और भूखंड के आकार जैसी प्रस्तावित बाध्यताएं लागू करना उचित नहीं है। सचिव विकास वीरानी ने कहा कि शासन के नियमों के अनुरूप छात्रावासों को आवासीय श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि भोपाल में एक लाख से अधिक विद्यार्थी छात्रावासों में रहते हैं और उनके अनुमानित वार्षिक खर्च से शहर की अर्थव्यवस्था को करीब तीन हजार करोड़ रुपये का योगदान मिलता है। संचालकों ने विद्यार्थियों को आवास सुविधा और रोजगार के हितों को ध्यान में रखकर नियम बनाने की मांग की।

डेयरी संचालक का सिर फोड़कर बदमाशों ने 15 हजार लूट लिए

नप्र, भोपाल : टीला जमालपुरा थाना इलाके में बुधवार रात तीन बदमाशों ने डेयरी संचालक के सिर पर डंडे से वारकर उसके पास रखे 15 हजार रुपये लूट लिए। लूट एवं जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

टीला जमालपुरा थाना पुलिस के मुताबिक गौतम नगर निवासी 22 वर्षीय तालिब कुरैशी का डेयरी का कारोबार है। उनकी एक डेयरी गौतम नगर दूसरी टीला जमालपुरा क्षेत्र में है। बुधवार रात को वह क्षेत्र में दूध वितरण के रुपयों का कलेक्शन कर घर जा रहे थे। रात करीब 12:15 बजे श्रीराम मंदिर के पास तालिब को इलाके के बदमाश अर्जुन, कुणाल और कार्तिक ने रोक लिया। वे लोग अड़ी डालकर रुपयों की मांग करने लगे। तालिब ने विरोध किया, तो तीनों ने डंडे से मारपीट करते हुए तालिब के पास रखे 15 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। मारपीट के दौरान तालिब के सिर में गंभीर चोट लगी है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया है। करण और कार्तिक की तलाश की जा रही है।

बीयू के रिजल्ट में गड़बड़ी, 65 छात्रों को शून्य अंक परीक्षा देने वाली छात्रा को अनुपस्थित बताया

बीकॉम द्वितीय वर्ष के परिणाम पर विवाद, रजिस्ट्रार ने सुधार का दिया आश्वासन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की परीक्षा और मूल्यांकन व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। कोलार स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज के बीकॉम द्वितीय वर्ष के बिजनेस स्टैटिस्टिक्स विषय में करीब 200 विद्यार्थियों में से 65 को शून्य अंक दिए गए हैं।



वहीं, चारों पेपर की परीक्षा देने वाली एक छात्रा को परिणाम में सभी विषयों में अनुपस्थित दर्शाया गया है। परिणाम में गड़बड़ियों से परेशान विद्यार्थियों ने विश्व विद्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव राजकुमार सिंह ने प्रभावित छात्रों के साथ रजिस्ट्रार को लिखित शिकायत सौंपकर परिणाम की जांच और उत्तरपुस्तिकाओं व अंकों का दोबारा सत्यापन कराने की मांग की। छात्रा साक्षी ने बताया कि उसने सभी चारों पेपर दिए थे, लेकिन परिणाम में उसे हर विषय में अनुपस्थित बताया गया। इसके अलावा कुछ विद्यार्थियों के परिणाम में नाम और अंकों से संबंधित गड़बड़ियां भी सामने आई हैं। विद्यार्थियों की चिंता इसलिए बढ़ गई है, क्योंकि पूरक परीक्षा के आवेदन की अंतिम तारीख 1 दिसंबर है। समय पर परिणाम में सुधार नहीं होने से उन्हें आगे की पढ़ाई में परेशानी हो सकती है।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार समर बहादुर सिंह ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद परिणाम सुधारने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गड़बड़ी गुरुवार को ही ठीक कर दी जाएगी। प्रभावित विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा का आवेदन भरने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, गड़बड़ी के तकनीकी कारणों की जानकारी रिजल्ट तैयार करने वाली एजेंसी से ली जाएगी।

केरवा डेम रोड स्थित स्टेट डेयरी के खंडहर में हुई वारदात

शराब पार्टी के दौरान झगड़े में युवक की हत्या

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः रातीबड़ थाना इलाके में बुधवार शाम केरवा डेम रोड स्टेट डेयरी परिसर के पुराने खंडहर में शराब पार्टी कर रहे दो युवकों के बीच विवाद हो गया। झगड़े में सिर में डंडा लगने से एक युवक की मौत हो गई।

हत्या का अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वह बीकॉम का छात्र है। रातीबड़ थाने के एसआई गौरव पांडे ने बताया कि स्टेट डेयरी परिसर में रहने वाला 20 वर्षीय विक्रम मालवीय टाइल्स लगाने का काम करता था। बुधवार शाम को वह अपने पांच-छह दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने



के लिए स्टेट डेयरी परिसर में हनुमान मंदिर के पास स्थिति एक पुराने खंडहर में पहुंचा था।

दोस्तों में वैभव बामनिया भी था। वैभव से कुछ समय से विक्रम की किसी बात को लेकर तनातनी चल रही थी। शाम साढ़े सात बजे शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर विक्रम और वैभव में तकरार शुरू हो गई। हाथापाई के दौरान वैभव ने अचानक वहां पड़े एक डंडे से विक्रम पर वार करना शुरू कर दिया। सिर में चोट लगने से विक्रम बेसुध होकर वहीं गिर पड़ा। यह देखकर वैभव वहां से भाग निकला। साथी दोस्त विक्रम को लेकर एक निजी अस्पताल पहुंचे। वहां से उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। कुछ देर तक चले उपचार के दौरान विक्रम की मौत हो गई। गुरुवार को पुलिस ने हत्या के आरोप में वैभव बामनिया को गिरफ्तार कर लिया। वह बीकॉम का छात्र है।

वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण और बोनस की मांग

नप्र, भोपाल : सेमी गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन के संयोजक अनिल बाजपेई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण और बोनस भुगतान की मांग को लेकर कार्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नागाइच को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की प्रमुख मांगों से अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर संजय नागाइच ने आश्वस्त किया कि आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण और बोनस भुगतान के संबंध में नियमानुसार जल्द कार्रवाई की जाएगी। अनिल बाजपेई ने कहा कि अध्यक्ष कर्मचारी हितैषी हैं और उन्हें उम्मीद है कि कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। अध्यक्ष के आश्वासन के बाद कर्मचारियों में प्रसन्नता व्यक्त की गई।

यात्री बसों की जांच, 7 में मिली गड़बड़ी चार बसों पर 1.53 लाख रुपये का जुर्माना

परमिट उल्लंघन पर तीन बसें जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने बुधवार रात लालघाटी और आईएसबीटी बस स्टैंड पर विशेष जांच अभियान चलाया। शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक चले अभियान में सात बसों में नियमों का उल्लंघन पाया गया। इनमें से चार बसों पर कुल 1 लाख 53 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि तीन बसों को जब्त किया गया। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन स्क्वॉड ने यह कार्रवाई की। अभियान का नेतृत्व प्राची शर्मा ने किया। जांच के दौरान बसों के परमिट, फिटनेस प्रमाण-पत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र (पीयूसी) और अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। अधिकारियों ने यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े जरूरी इंतजामों का भी निरीक्षण किया। जांच में अनियमितताएं मिलने पर चार बसों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इन बसों से कुल 1 लाख 53 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा के मुताबिक, परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने वाली तीन बसों को जब्त किया गया है। परिवहन विभाग का अभियान यात्री बसों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के उद्देश्य से चलाया गया।

सुसंस्कृत नागरिक ही राष्ट्र की प्रगति का आधार : पाण्डेय



- संविधान दिवस पर एनआईटीटीटीआर भोपाल में कार्यक्रम
- कर्तव्यों और नैतिक मूल्यों पर दिया जोर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अशोक पाण्डेय, अध्यक्ष, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल ने भारतीय संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, विशेषताओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी भूमिका पर विचार रखे।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश की विविधता, एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की भावना को समाहित करता है। संविधान केवल कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र के आदर्शों और भविष्य की दिशा का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि सुसंस्कृत नागरिकों से ही देश महान बनता है और कर्तव्यों के पालन से अधिकारों का महत्व सुनिश्चित होता है। उन्होंने शिक्षा में नैतिक मूल्यों और चरित्र निर्माण पर जोर दिया। संस्थान के निदेशक प्रो. चन्द्र चारू त्रिपाठी ने कर्तव्यों को राष्ट्र निर्माण में योगदान का अवसर बताया। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन हुआ। संचालन प्रो. अस्मिता खजांची ने किया।

माखनलाल पत्रकारिता विवि परिसर में छात्रा से दुष्कर्म, महिला कर्मचारी का पति गिरफ्तार

- 27 अगस्त को पहली बार किया था दुष्कर्म
- शादी की बात करने पर बहाना बना देता था।

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः रातीबड़ थाना इलाके में माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय परिसर में रहने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने विवि की महिला कर्मचारी के पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छात्रा का पड़ोसी है।

रातीबड़ थाना पुलिस के मुताबिक विवि में एमएससी की 22 वर्षीय छात्रा की मां विवि में ही नौकरी करती है। उन्हें परिसर में मकान आवंटित किया गया है। पड़ोस में रहने वाली एक महिला कर्मचारी के पति से छात्रा का परिचय हो गया था। कुछ दिन बाद उसने छात्रा के साथ प्रेम प्रसंग शुरू कर दिया। साथ ही कहा कि वह पत्नी को तलाक देकर उसके साथ शादी कर लेगा। इस तरह का झांसा देकर 27 अगस्त को अपने घर पर बुलाकर उसने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद कई बार छात्रा से संबंध बनाए। शादी की बात करने पर वह कोई ना कोई बहाना बनाकर टाल देता था। शादी के लिए दबाव बढ़ाने पर उसने कोलार क्षेत्र की होटल में छात्रा को रहने के लिए कमरा बुक कर दिया। 19 नवंबर को बिना किसी को कुछ बताए छात्रा होटल में आकर रहने लगी। पति के लिव इन में रहने की बात पता चलने पर पत्नी होटल जा पहुंची और हंगामा कर दिया। इस पर आरोपी ने कहा कि वह उसे किसी कीमत पर तलाक नहीं देगा। यह सुनकर छात्रा के पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने थाने जाकर शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने कैफे संचालक आरोपी आनंददीप सिंह भामरा को गिरफ्तार कर लिया है।

बैंक अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पिपलानी थाना इलाके के भवानी नगर में गुरुवार सुबह एक बैंक अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल की एफएसएल टीम से जांच कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिपलानी थाना पुलिस के मुताबिक भवानी नगर निवासी 35 वर्षीय अभिषेक पचौरी एमपी नगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में पदस्थ थे। उनकी पत्नी एसबीआई में कार्यरत हैं। गुरुवार सुबह परिवार के लोग अभिषेक को लेकर कस्तूरबा अस्पताल पहुंचे थे। वहां चैक करने के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। साथ ही मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस को सूचना दे दी थी। पुलिस ने परिवार के लोगों से पूछा तो उन्होंने अटैक आने की बात कही, लेकिन पुलिस ने छत पर लगे पंखे पर दुपट्टा लटका देखा। अभिषेक के गले पर भी फांसी लगाने के निशान मिले थे। जिसके चलते पुलिस ने एफएसएल टीम से घटनास्थल की जांच कराई। हालांकि तलाशी के दौरान मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभिषेक के परिवार में माता-पिता, पत्नी और छह वर्ष की बेटी एवं डेढ़ वर्ष का बेटा है। पिता भेल से सेवानिवृत्त हुए हैं।

महिला से छेड़छाड़, मनचला गिरफ्तार

नप्र, भोपाल : कटारा हिल्स थाना इलाके में एक युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। विरोध करने पर वह धमकी देकर चला गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने सीसीटीवी से साक्ष्य जुटाते हुए मनचले को गिरफ्तार कर लिया। कटारा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 39 महिला ने बुधवार रात शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि मंगलवार रात 10:30 बजे वह घर के पास मौजूद थी,तभी एक अज्ञात युवक ने उसके साथ छेड़छाड करना शुरू कर दी। विरोध करने पर वह गाली गलौज करते हुए धमकी देकर वहां से चला गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़ का अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इस दौरान घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाले गए। उनसे मिले सुराग के आधार पर गुरुवार को आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। उसकी पहचान मदनी नगर निवासी 40 वर्षीय मासूम खान के रूप में हुई।

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के खिलाफ एफआईआर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के भाषण की वीडियो को कूटरचना कर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज कर ली है। क्राइम ब्रांच के अनुसार शिकायत मिली थी कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के वीडियो को कूट रचना करके इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित किया गया। उसमें बताया गया कि पाकिस्तान से वहां के मंत्री डेलीगेट्स के रूप में हिंदुस्तान आ रहे हैं। यह निर्णय भारत ने चीन के दबाव में आकर लिया है। यह कूटरचित वीडियो एक्स, वॉट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर प्रसारित हुआ। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं की भावनाएं काफी हुई हैं। यह वीडियो पूर्व मंत्री पीसी शर्मा की फेसबुक आईडी से भेजा गया है। शिकायत के साथ साक्ष्य के लिए पेन ड्राइव में कूटरचित वीडियो की लिंक भी संलग्न की गई।

कैब बुक कर रहे बुजुर्ग से बदमाशों ने मोबाइल झपटा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर कैब बुक कर रहे 67 साल के बुजुर्ग के हाथ से बाइक सवार तीन बदमाश मोबाइल झपट कर फरार हो गए। 22 नवंबर की रात 10:30 बजे हुई इस वारदात में पुलिस ने गुरुवार दोपहर में झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया है। इस मामले में एक संदेही को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है।

हबीबगंज थाना पुलिस के मुताबिक कोलार क्षेत्र स्थित विंडसर कॉलोनी निवासी 67 वर्षीय कीर्तिसिंह चौहान शहर से बाहर सफर पर गए थे। 22 नवंबर की रात वह रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर उतरे थे। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद वह बंसल प्लाजा के सामने मेट्रो के पिलर के पास खड़े होकर घर जाने के लिए फोन से कैब बुक कर रहे थे। इस दौरान बाइक पर सवार तीन युवक उनके पास पहुंचे। वह कुछ समझ पाते, तभी उनमें से एक युवक ने कीर्तिसिंह के हाथ से फोन झपट लिया और तेजी से वहां से भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

राजधानी में 146 करोड़ से बनेगा वंदे भारत का अत्याधुनिक मेंटेनेंस डिपो

6 नई अनुरक्षण लाइनें बनेंगी, सितंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव के लिए अत्याधुनिक अनुरक्षण डिपो तैयार किया जा रहा है। भोपाल कोच फैक्ट्री परिसर में बनने वाले इस डिपो के पहले चरण पर 146 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

परियोजना के तहत छह नई अनुरक्षण लाइनें बनाई जा रही हैं। इनके तैयार होने के बाद वंदे भारत ट्रेनों का साप्ताहिक निरीक्षण और मध्यम व लंबी अवधि का रखरखाव भी भोपाल में किया जा सकेगा। फिलहाल रानी कमलापति स्टेशन स्थित डिपो में वंदे भारत ट्रेनों का साप्ताहिक निरीक्षण किया



जाता है। नए डिपो के बनने से भोपाल मंडल में संचालित ट्रेनों के रखरखाव की क्षमता बढ़ेगी और इसके लिए दूसरे स्थानों पर निर्भरता कम होगी।

रेलवे बोर्ड ने इस परियोजना को 7 अक्टूबर 2025 को मंजूरी दी थी। निर्माण कार्य 13 जून 2026 से शुरू हुआ है। रेलवे ने सितंबर 2027 तक डिपो तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

वंदे भारत के अलावा एलएचबी कोच वाली ट्रेनों के रखरखाव के लिए भी दो नई पिट लाइनें बनाने का प्रस्ताव है। इससे नियमित अनुरक्षण कम समय में किया जा सकेगा और मौजूदा केंद्रों पर काम का दबाव घटेगा।

डिपो परिसर में वाशिंग पिट, प्रशासनिक भवन, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग भवन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित विभिन्न निर्माण कार्य जारी हैं।

मप्र में 3 दिसंबर को बैंक हड़ताल 8 हजार कर्मचारी नहीं करेंगे काम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में 3 दिसंबर को बैंक कर्मचारियों की हड़ताल होने जा रही है। प्रदेश के 11 बड़े बैंकों के क्लर्क स्तर के करीब 8 हजार कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे।

इससे बैंकिंग सेवाओं और लेन-देन पर असर पड़ने की आशंका है। यह हड़ताल आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के विरोध में बुलाई गई है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर देशभर के बैंक कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल करेंगे। कर्मचारी आईडीबीआई बैंक के निजीकरण और विदेशीकरण की प्रक्रिया रोकने तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। हड़ताल का असर पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक में देखने को मिल सकता है। बैंक कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि आईडीबीआई बैंक का निजीकरण केवल एक बैंक का मामला नहीं, बल्कि कर्मचारियों, ग्राहकों, शेयरधारकों और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल रद्द करने और बिक्री से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।

कार्यालय सेनानी 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल

दूरभाष/फैक्स नं0-0755-2443748

Email: co25bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-25वी वाहिनी/विसबल/सा.अ.4174/2026 दिनांक: 27/10/2026

खुली निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुलिस मुख्यालय म.प्र., भोपाल द्वारा इकाई इकाई को लेखाशीर्ष मांगसंख्या '4492-32-000 लघु निर्माण मद' आवंटित बजट राशि के अंतर्गत इकाई की डीजीपीआर कोत के पास नवीन शेड निर्माण का कार्य को खुली निविदा हेतु म.प्र. ऑनलाईन ई-टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/en पर खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं। खुली निविदा विज्ञप्ति का ऑनलाईन प्रकाशन कार्यालय द्वारा जारी दिनांक से दिनॉक तक मान्य होगी, खुली निविदा विज्ञप्ति का प्रारूप निम्नानुसार हैं।

स. क्रं.	कार्य का विवरण	धरोहर राशि	निविदा दर	प्राक्कलन एजेंसी	प्रदाय कार्यालय (एफ.ओ.आर.)
01	इकाई की मुख्य समवाय मैस के सामने पार्किंग शेड निर्माण का कार्य।	15000.00	1000.00	म.प्र.पु.आ. एवं अधो. विकास निगम भोपाल	सेनानी,25 वी वाहिनी विसबल भोपाल

01. खुली निविदा प्रपत्र दस्तावेजों को म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपलोड करना होगा।
02. खुली निविदा म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन खोली जायेगी। 03. मध्यप्रदेश पुलिस की ऑनलाईन वेबसाइट https://www.mppolice.gov.in/en/tenders पर खुली निविदा की प्रपत्र, विस्तृत जानकारी डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगी।

04. समय सारणी :-

01 निविदा प्रकाशन दिनॉक	दिनॉक 25/11/26 समय 10:00 बजे।
02 निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का दिनॉक	दिनॉक 25/11/26 समय 10.00 बजे।
03 निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक	दिनॉक 25/11/26 समय 10.00 बजे।
04 निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक	दिनॉक 09/12/26 समय 16:00 बजे।
05 निविदा तकनीकि बिड खोलने का दिनांक	दिनॉक 10/12/26 समय 16.30 बजे।

05. निविदाकर्तागण से अनुरोध है, कि खुली निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि वेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे अतः वेबसाईट पर अद्यतन रहें। **06.** निविदा में दर्शाये दिनांक/समय पर निविदा खोली जावेगी, निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकर्ताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी वेबसाईट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी।

(नागेन्द्र सिंह)

जी-22112/26 सेनानी, 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल